Disclaimer : This content is not created or owned by Info Edge (india) Limited

# UP BOARD QUESTION PAPER - 2025

## CLASS - 12

## SUBJECT : BIOLOGY

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये :

(क) Tt अलील जोड़ा है

(A) समयुग्मजी लम्बा

(B) विषमयुग्मजी लम्बा

(C) समयुग्मजी बौना

(D) विषमयुग्मजी बौना

(ख) बी टी कपास किससे निर्मित होता है ?

(A) विषाणु से

(B) कवक से

(C) जीवाणु से

(D) कीट से

(ग) निम्नलिखित में से कौन द्‌वितीयक उपभोक्ता है ?

(A) चूहा

(B) गिलहरी

shiksha

(C) छिपकली

(D) टिड्डा

(घ) निम्नलिखित में से कौन जैव-विविधता की क्षति का कारण नहीं है ?

(A) अति दोहन

(B) सह - विलुप्तता

(C) आवासीय क्षति

(D) वनीकरण

(अति - लघु उत्तरीय प्रश्न)

2. (क) आई.वी.एफ. संकेताक्षर का पूरा रूप लिखिए ।

(ख) औद्योगिक प्रदूषण के सूचक का नाम लिखिए ।

(ग) न्यूक्लियोसाइड क्या है ?

(घ) एक पोषण स्तर से दूसरे पोषण स्तर पर कितने प्रतिशत ऊर्जा प्रवाहित होती है ?

(ङ) किसी एक लिंग-सहलग्न अप्रभावी विकार का नाम लिखिए ।

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

3. (क) ह्यूमस पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(ख) चरघातांकी वृद्धि का वर्णन कीजिए ।

shiksha

(ग) एंटीटॉक्सिन क्या है ?

(घ) मादा मधुप में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होती है ? इनमें लिंग निर्धारण प्रणाली को क्या कहते हैं ?

(ङ) आनुवंशिक कूट की दो विशेषताएँ लिखिए ।

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

4. (क) प्राक्केन्द्रकियों में आर. एन. ए. के सभी प्रकारों के नाम लिखिए ।

(ख) दोहरा निषेचन किसे कहते हैं ? इसका क्या महत्त्व है ?

(ग) कैनाबिनॉइड्स किस पौधे से प्राप्त किया जाता है ? इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

(घ) बेकर यीस्ट पर टिप्पणी लिखिए ।

5. (क) ए. आर. टी. का पूर्ण रूप लिखिए। इसका मानव जीवन में क्या महत्त्व है ?

(ख) सहप्रभाविता और अपूर्ण प्रभाविता में विभेद कीजिए ।

(ग) जी.एम.ओ. का पूर्ण रूप लिखिए। इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

(घ) क्लोनिंग संवाहक पर टिप्पणी लिखिए ।

6. (क) किन्हीं दो ड्रग्स का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ख) पारितन्त्र में जातीय विविधता के महत्त्व को लिखिए ।

(ग) ऐल्कोहॉल के प्रभाव पर टिप्पणी लिखिए ।

(घ) स्तन ग्रंथि के आरेखीय काट का नामांकित चित्र बनाइए ।

shiksha

(विस्तृत - उत्तरीय प्रश्न)

7. परागण किसे कहते हैं ? परागण कितने प्रकार के होते हैं ? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए ।

अथवा

आर्त्तव चक्र किसे कहते हैं ? इसकी प्रमुख घटनाओं का वर्णन कीजिए ।

8. पृथ्वी पर जीवों के विकास के प्रमाण पर एक निबन्ध लिखिए ।

अथवा

लैक प्रचालेक का सचित्र वर्णन कीजिए ।

9. एक जलीय पारितन्त्र के घटकों का विस्तार से वर्णन कीजिए ।

अथवा

जैव-विविधता के संरक्षण पर एक निबन्ध लिखिए

shiksha